आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.09. समय : 02.10 pm

मुख्यमंत्री हरियाणा प्रचार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चरखी दादरी जिले के दादरी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी सुनील संगवान के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया है। इसके बाद भिवानी विधानसभा के मेन चौक नंदगाव में पार्टी प्रत्याशी घनश्याम सराफ के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा बवानी खेरा विधानसभा के ग्राम मिलकपुर में भाजपा प्रत्याशी कपूर वाल्मीकि के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

त्रिपक्षीय नदी बैठक

मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच कल श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली में पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईआरसीपी लिंक परियोजना के संबंध में त्रिपक्षीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नदी जोड़ो अभियान पर काम चल रहा है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईआरसीपी लिंक परियोजना पर बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से दोनो राज्यों ने 20 वर्ष पुराने विवाद का हल निकाल लिया है और शीघ्र ही इस परियोजना के सकारात्मक परिणाम दिखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि आने वाला समय मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्यों के लिए अद्वितीय रहने वाला है। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि परियोजना का मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) अनुबंध होने वाला है।

<u>सरकार 100 दिन/किसान, बालाघाट</u>

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। आदिवासी बाहुल्य बालाघाट जिले में इन्फ्रास्ट्रक्चर काफी तेजी से विकसित हुआ है। बालाघाट में सड़क, बड़े पुल,ओवर ब्रिज,रेल कनेक्टविटी में काफी प्रगति देखने को मिली है। जिले के लोगो को आवागमन,रोजगार सहित अन्य सुविधाओं का काफी लाभ मिल रहा है। व्यापारियों सहित अन्य शहरी और ग्रामीण अंचलों के लोग एक शहर से दूसरे शहर में यात्रा करने में कोई परेशानी नही हो रही है।वहीं बेरोजगारी दूर करने बड़े बड़े उद्योग धंधों का विस्तार किया जा रहा है।

रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के एक दिन पहले आज सागर में बुंदेलखंड हैकाथॉन-2024: नए विचारों का उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एम.पी. इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (MPIDC) और IM Global की पहल पर, यह हैकाथॉन बुंदेलखंड में नए विचारों और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई है। हैकाथॉन में 600 से अधिक स्टार्टअप ने प्रविष्टियाँ भेजी थी जिसमे से 60 सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप फाइनल में पहुंचे हैं। सागर संभाग की चुनिंदा समस्याओं पर स्टार्टअप द्वारा समाधान प्रस्तुत किये जाएंगे। नवीन तकनीकी समाधान, जो बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश के समावेशी विकास को बढ़ावा

देंगे। हैकाथॉन में प्रथम पुरस्कार: 1लाख ,51 हजार रुपए रखा गया है। इस बीच क्षेत्री औद्योगिक सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में है।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है। आज सुबह भोपाल में हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज जबलपुर, सागर समेत 16 जिलों में aबारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे में

बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, झाबुआ, धार, मऊगंज, अनूपपुर, उमरिया, डिंडौरी, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, मंडला और सागर जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।जबकि अगले दो दिन 27 सितंबर को इंदौर-उज्जैन संभाग और 28 सितंबर को जबलपुर, शहडोल और सागर संभाग में बारिश होगी।

श्रीअन्न

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीअन्न उगाने वाले किसानों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2023 को "अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष" के रूप में मनाया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी की अभिनव पहल से श्रीअन्न के उत्पादन के क्षेत्र में देश और प्रदेश को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि किसानों की परिश्रम से आज प्रदेश में श्रीअन्न का रकबा पिछले 3 साल में बढ़कर दोगुना हो गया है। वर्ष 2020-21 में जहाँ इसका रकबा 67 हजार हेक्टेयर था, वह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1.35 लाख हेक्टेयर रिकॉर्ड किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीअन्न उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने के लिये रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना को लागू करने का फैसला किया है।